दिन– बुधवार दिनांक– 18/09/2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से। अवधि – 15 मिनट

---

01. केन्द्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन आज नई दिल्ली में एनपीएस वात्सल्य योजना की शुरूआत करेंगी। योजना में निवेश के लिए ऑनलाइन पोर्टल का भी होगा अनावरण।

02. केन्द्र सरकार ने खाद्य तेल संघों को सलाह दी है कि वे कम सीमा शुल्क पर आयातित मौजूदा भंडार उपलब्ध रहने तक कीमतें न बढ़ाएं।

03. गंगा, सोन, सरयू, फल्गु और मुहाने नदियों के जलस्तर में बढ़ोतरी से पटना, बक्सर, भोजपुर, सारण और गया जिले के निचले इलाकों में फैला बाढ़ का पानी।

04. और, प्रदेश में एक बार फिर मॉनसून की सक्रियता में आई कमी। अगले चौबीस घंटों के दौरान कहीं भी भारी बारिश की संभावना नहीं।

---

केन्द्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन आज नई दिल्ली में एनपीएस वात्सल्य योजना की शुरूआत करेंगी। इस अवसर पर एनपीएस वात्सल्य में निवेश के लिए ऑनलाइन पोर्टल का भी अनावरण किया जाएगा। यह योजना देश के बच्चों को वित्तीय सुरक्षा प्रदान करेगी। इसके तहत माता–पिता अपने बच्चों के भविष्य के लिए पेंशन खाते में निवेश कर सकते हैं। इस योजना की घोषणा इस वर्ष के केन्द्रीय बजट में की गयी थी।

---

केन्द्र सरकार ने प्रमुख खाद्य तेल संघों को सलाह दी है कि जब तक कम सीमा शुल्क पर आयातित मौजूदा भंडार उपलब्ध है, तब तक तेल की कीमते न बढ़ाई जाए। खाद्य और सार्वजनिक वितरण विभाग के सचिव संजीव चोपड़ा ने कल नई दिल्ली में मूल्य निर्धारण रणनीति पर प्रमुख तेल संघों के प्रतिनिधियों के साथ चर्चा की। एक रिपोर्ट––

–––रिपोर्ट–––

---

नेपाल के जलग्रहण क्षेत्र और पड़ोसी राज्यों में हो रही भारी बारिश के चलते प्रदेश से होकर गुजरने वाली अधिकांश नदियों के जलस्तर में बढ़ोतरी हो रही है। गंगा नदी का जलस्तर पटना के दीघा घाट, गांधी घाट और हाथीदह में खतरे के निशान से ऊपर रिकॉर्ड किया गया। हमारे संवाददाता ने बताया कि नदी का पानी दियारा क्षेत्रों में फैलने लगा है, जिससे लोगों की परेशानियां बढ़ गयी है।

———बाईट———

जिले के हेतनपुर, कासीम चक, पुरानी पानापुर, मानस और नवदियरी समेत कई पंचायतों के दर्जनों गांव में बाढ़ के पानी से घिर चुके हैं। सैंकड़ों एकड़ खेत में लगी फसल डूब गयी है। कई सड़कों पर दो से तीन फीट तक पानी का बहाव हो रहा है। इधर, जिला प्रशासन ने एसडीआरएफ की दो टीमों की दानापुर अनुमंडल स्थित गंगा घाटों पर तैनाती की है। इस बीच, पटना के जिलाधिकारी ने सभी अंचलाधिकारियों और प्रखंड विकास पदाधिकारियों को स्थिति सामान्य होने तक बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का भ्रमण कर आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिये हैं। जिला प्रशासन ने बाढ़ प्रभावित सत्रह पंचायतों के दियारा क्षेत्रों में स्थित छिहत्तर विद्यालयों को तत्काल प्रभाव से बंद कर दिया है। आकाशवाणी समाचार के लिए पटना से आशीष रंजन।

बक्सर में भी गंगा नदी उफान पर है। नदी का जलस्तर खतरे के निशान से केवल आठ सेंटीमीटर नीचे दर्ज किया गया। हमारे संवाददाता ने बताया कि बाढ़ का पानी कई निचले इलाकों में फैल गया है।

———बाईट———

बक्सर जिले के दियारा इलाकों के कई गांव बाढ़ की चपेट में आ चुके हैं। सिमरी, चक्की और ब्रहमपुर प्रखंड बाढ़ से सबसे अधिक प्रभावित है। सड़कों के साथ–साथ खेतों में लहलहाती फसलें पूरी तरह से जलमग्न हो गयी है। बक्सर के रामरेखा घाट की सभी सीढ़ियों को जलमग्न करते हुए गंगा नदी का पानी शहरी क्षेत्रों में भी धीरे–धीरे फैलने लगा है। इस बीच, जिलाधिकारी अंशुल अग्रवाल ने बताया कि प्रयागराज में गंगा के जलस्तर में तेजी से गिरावट आ रही है, जिससे बक्सर में भी नदी के जलस्तर में गिरावट की संभावना है। जिलाधिकारी ने बताया कि प्रशासन बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में युद्ध स्तर पर राहत और बचाव कार्य चला रहा है। आकाशवाणी समाचार के लिए बक्सर से शशांक शेखर।

भोजपुर जिले में भी गंगा नदी उफान पर है। जिले के बड़हरा और शाहपुर प्रखंड में गंगा नदी तेजी से कटाव कर रही है। शाहपुर–जवईनिया गांव में एक मंदिर और एक पक्का मकान गंगा नदी की धारा में विलीन हो गये। प्रभावित क्षेत्रों से लोगों का पलायन शुरू हो गया है। इधर, जल संसाधन विभाग की ओर से कटाव वाले क्षेत्रों में बाढ़ निरोधात्मक कार्य जारी है। भागलपुर और मुंगेर जिले में भी गंगा नदी लगातार तबाही मचा रही है। इधर, सोन नदी का जलस्तर भी लगातार बढ़ रहा है। रोहतास स्थित इंद्रपुरी बराज से कल देर शाम तक तीन लाख तीस हजार क्यूसेक पानी नदी में छोड़ा गया। प्रशासन ने नदी के सीमावर्ती क्षेत्रों में सतर्कता बढ़ा दी है और लोगों से सावधान रहने की अपील की गयी है। इधर, जहानाबाद जिले में फल्गु नदी के उफान के कारण तटवर्ती इलाकों में बाढ़ का खतरा उत्पन्न हो गया है। गया से हमारे

संवाददाता ने बताया कि फल्गु के साथ–साथ मुहाने नदी के जलस्तर में भी लगातार बढ़ोतरी हो रही है।

–––बाईट–––

मुहाने नदी का जलस्तर बढ़ने से बोधगया प्रखंड के छाछ, बतसपुर और मोराटाल गांव में नदी का पानी प्रवेश कर गया है। खेतों में लगी धान की फसल डूब गई है। वहीं, सड़कों पर पानी आ जाने से आवागमन प्रभावित हुआ है। स्थानीय लोगों के अनुसार बालू के अवैध खनन के कारण गांव में नदी का पानी फैला है। लोगों ने प्रशासन पर अभी तक किसी भी प्रकार की सहायता नहीं पहुंचाने का भी आरोप लगाया। आकाशवाणी समाचार के लिए गया से धर्मवीर भारती।

इधर, सरयू नदी में उफान से सारण जिले के डोरीगंज, मांझी और रिवीलगंज में बाढ़ की स्थिति उत्पन्न हो गयी है। बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों से लोग पलायन करने लगे हैं। पश्चिम चंपारण से हमारे संवाददाता ने बताया कि मसान नदी के तेज कटाव के कारण डैनमरवा पंचायत के रायबरेल महुअवा में बिजली का टावर ध्वस्त हो गया, जिससे चौतरवा, सेमरा और कुम्हिया पावर सब–स्टेशन से बिजली आपूर्ति प्रभावित हुई है। इधर, केन्द्रीय जल आयोग से प्राप्त जानकारी के अनुसार गंडक नदी गोपालगंज के डुमरिया घाट में चेतावनी के स्तर को पार कर गयी है। बूढ़ी गंडक नदी का जलस्तर खगड़िया में लाल निशान से ऊपर रिकॉर्ड किया गया। बागमती नदी भी मुजफ्फरपुर के बेनीबाद में खतरे के निशान से नौ सेंटीमीटर ऊपर दर्ज की गयी। कमला बलान नदी का जलस्तर मधुबनी के झंझारपुर और कोसी नदी का जलस्तर सुपौल के बसुआ, खगड़िया के बलतारा और कटिहार के कुर्सेला में चेतावनी के स्तर को पार कर गया है।

---

प्रदेश में एक बार फिर मॉनसून की सक्रियता में कमी आई है। मौसम विज्ञान केन्द्र, पटना के वैज्ञानिक ने बताया कि अगले चौबीस घंटों के दौरान राज्य के अधिकांश हिस्सों में आंशिक रूप से बादल छाये रहेंगे। झारखंड से सटे जिलों में कुछ स्थानों पर हल्की बारिश का पूर्वानुमान है। इस अवधि में कहीं भी भारी बारिश की संभावना नहीं है।

–––बाईट–––

मौसम विभाग ने कहा है कि बारिश की कमी के साथ ही प्रदेश के अधिकतम और न्यूनतम तापमान में बढ़ोत्तरी के आसार हैं।

---

केन्द्रीय मत्स्य पालन, पशु पालन और डेयरी मंत्री राजीव रंजन सिंह ने कहा है कि देश पिछले नौ वर्षों में दुग्ध उत्पादन में सत्तावन दशमलव छह–दो प्रतिशत की उल्लेखनीय वृद्धि के साथ अग्रणी बना हुआ है। मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल के सौ दिन पूरे होने के अवसर पर मीडिया को संबोधित करते हुए श्री सिंह ने कहा कि वर्ष दो हजार चौदह–पंद्रह से लेकर अबतक दुग्ध उत्पादन में एक सौ पच्चीस प्रतिशत की मूल्य वृद्धि हुयी है। वहीं, वैश्विक मत्स्य उत्पादन में आठ प्रतिशत योगदान के साथ भारत दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा मत्स्य उत्पादक देश है।

---

सूचना और प्रसारण मंत्रालय ने दिव्यांग व्यक्तियों के लिए सिनेमा को अधिक समावेशी और सुलभ बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। दिशा–निर्देशों के अनुसार सिनेमा घरों में दिखाई जाने वाली फिल्मों के दौरान दृष्टिबाधित व्यक्तियों के लिए सबटाईटल्स और अन्य सुविधाएं भी दी जायेंगी। इसके लिए ई–सिने प्रमाणन मॉड्यूल लॉन्च किया गया है, जो आवेदकों को दिशा–निर्देशों में उल्लेखित जरूरी सुविधाओं के उल्लेख के साथ अपनी फिल्में जमा करने की अनुमति देता है। नए दिशा–निर्देश पंद्रह सितंबर से लागू हो गए हैं। ये दिशा–निर्देश सिनेमाघरों में सार्वजनिक प्रदर्शन के लिए केंद्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड द्वारा प्रमाणित फीचर फिल्मों पर लागू होंगे।

---

प्रसार भारती के अध्यक्ष नवनीत कुमार सहगल ने कहा है कि सभी भाषाओं का सम्मान करते हुए हिन्दी को बढ़ावा दिया जाना चाहिए। नई दिल्ली में हिन्दी दिवस पर एक कार्यक्रम में श्री सहगल ने कहा कि हिन्दी बोलने में सरल और आसानी से समझ में आने वाली भाषा है।

–––बाईट–––

75 वर्षों में हिन्दी ने बहुत लंबा सफर तय किया है और आज हम यह कह सकते हैं कि एक बड़ी आबादी का, एक बड़ी जनसंख्या की ये भाषा है हिन्दी और अधिकतर जो हमारे कार्य है हिन्दी में हो भी रहे हैं और जैसे कि मैंने अभी कहा कि आज प्रधानमंत्री जी का जन्मदिन है और उम्मीद है कि उनसे प्रेरणा दिलाने का प्रयास करूगां।

---

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सतहत्तरवीं सीनीयर राष्ट्रीय तैराकी प्रतियोगिता में तीन स्वर्ण पदक जीतने वाली माही श्वेत राज को कल पटना में सम्मानित किया। श्री

कुमार ने उन्हें दो लाख रूपये का चेक प्रदान किया। इस अवसर पर बिहार राज्य खेल प्राधिकरण के महानिदेशक रविन्द्रन शंकरण भी मौजूद थे।

---

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार आज कैमूर स्थित मां मुंडेश्वरी वन्य प्राणी इको पार्क और तेल्हार कुंड जलप्रपात में पर्यटकीय सुविधाओं का लोकर्पण करेंगे। इस दौरान उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा समेत राज्य मंत्रिमंडल के कई सदस्य मौजूद रहेंगे।

---

राजगीर स्थित नालंदा विश्वविद्यालय परिसर में आज से राज्य स्तरीय डाक टिकट प्रदर्शनी का आयोजन किया जा रहा है। इस प्रदर्शनी में राज्यभर के डाक टिकट संग्रहकर्ता शामिल होंगे। नालंदा के डाक अधीक्षक कुंदन कुमार ने बताया कि ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार और स्थानीय सांसद कौशलेन्द्र कुमार संयुक्त रूप से प्रदर्शनी का उद्घाटन करेंगे। प्रदर्शनी में स्कूली बच्चों की कलाकृतियां भी प्रस्तुत की जाएगी। इसके अलावा पेटिंग प्रतियोगिता, प्रश्नोत्तरी और सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किये जायेंगे।

---

पश्चिम चम्पारण जिले के सहोदरा थाना क्षेत्र अंतर्गत बन बैरिया गांव में बाघ के हमले से एक व्यक्ति की मौत हो गई है।

---

अररिया जिले के अलग–अलग थाना क्षेत्रों से पुलिस ने मोटरसाईकिल चोर गिरोह के तीन सदस्यों को चोरी की तीन मोटरसाईकिल के साथ गिरफ्तार किया है।

---

बेगूसराय जिले के मटिहानी थाना क्षेत्र के रामदीरी टोला लभरचक में पिछले दिनों एक युवक की हत्या के मामले में पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। मामले के अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी जारी है।

---

मुज़फ़्फ़रपुर जंक्शन पर ऑपरेशन आहट के तहत इस वर्ष अबतक तीस बाल तस्करों की गिरफ्तार हुई है। साथ ही इक्यानवे बच्चों को मुक्त कराया गया है। वहीं,

ऑपरेशन नन्हे फरिश्ते के तहत भूले– भटके और घर से भागे हुए एक सौ बावन बच्चों को बरामद कर चाइल्ड हेल्पलाइन को सौंपा जा चुका है।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर...........

01. केन्द्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन आज नई दिल्ली में एनपीएस वात्सल्य योजना की शुरूआत करेंगी। योजना में निवेश के लिए ऑनलाइन पोर्टल का भी होगा अनावरण।
02. केन्द्र सरकार ने खाद्य तेल संघों को सलाह दी है कि वे कम सीमा शुल्क पर आयातित मौजूदा भंडार उपलब्ध रहने तक कीमतें न बढ़ाएं।
03. गंगा, सोन, सरयू, फल्गु और मुहाने नदियों के जलस्तर में बढ़ोतरी से पटना, बक्सर, भोजपुर, सारण और गया जिले के निचले इलाकों में फैला बाढ़ का पानी।
04. और, प्रदेश में एक बार फिर मॉनसून की सक्रियता में आई कमी। अगले चौबीस घंटों के दौरान कहीं भी भारी बारिश की संभावना नहीं।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।